SET - B

# संकलित परीक्षा - I (2015-16)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा - X

निर्धारित समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग और घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड-क

### ( अपठित बोध )

1. **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 8

भिनसारे जब —

बँसवारी के उस पार,

जंगली मुर्गा बाँग देता है —

सुरमई आसमान की

गोद में, तब

सूरज अँगड़ाई लेने लगता है,

बज उठती हैं

मंदिर में घंटियाँ —

और मस्जिद में सुनाई देने लगता है —

अजान का स्वर,

गुरुद्वारे में, सबद-कीर्तन होने

लगता है,

और जाग जाता है — चर्च भी,

लेकिन आज तक किसी ने भी —

उस मुर्गे का मजहब नहीं पूछा,

बाँग की भाषा क्या है ?

नहीं जाना है,

बँसवारी से गुजरती तेज हवा

बन जाती है, संगीत

और मुर्गा बस नाचने लगता है

शाम होने तक

जब, अँधियारे की चादर ओढ़

सूरज चला जाता है, सोने

तब उसे जगाने के लिए

जंगली मुर्गा रात भर बेचैन रहता है

बेचारा मुर्गा।

(i) मंदिर, मसजिद, गुरुद्वारे तथा चर्च किस लिए होते हैं तथा किन-किन धर्मों से संबंध रखते हैं? उनमें होने वाले कार्य-कलाप कब प्रारंभ होते हैं?

(ii) "सूरज के अँगडाई लेने" का भाव स्पष्ट कीजिए तथा बताइए कि उसके उगने से पूर्व आसमान कैसा हो जाता है?

(iii) जंगली मुर्गे की बेचैनी का कारण बताइए, पद्यांश में उसकी किस विशेषता का उल्लेख किया गया है?

(iv) कविता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 12

आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुश्मन है दुविधा, क्योंकि दुविधा एकाग्रता को नष्ट कर देती है। आदमी की शक्ति को बाँट देती है। बस वह आधा इधर और आधा उधर, इस तरह खंडित हो जाता है। मेरे एक मित्र अपनी पत्नी के साथ जंगल में एक पेड़ के नीचे बैठे बात कर रहे थे। बात करते-करते पत्नी सो गई, वह उपन्यास पढ़ने लगे। अचानक उन्हें लगा कि सामने से भेड़िया चला आ रहा है - उन्हीं की तरफ। भेड़िया, एक खूँखार जानवर; वह इतने घबरा गए कि पत्नी को सोती छोड़कर ही भाग खड़े हुए। भाग्य से, कुछ दूर ही उन्हें एक बंदूकधारी सज्जन मिल गए। वह उनके पैरों पर गिर पड़े, ''मेरी पत्नी को बचाइए, भेड़िया उसे खा रहा है'', वह गिड़गिड़ाए।

शिकारी दौड़ा-दौड़ा उनके साथ पेड़ के पास आया, तो उसकी पत्नी यथापूर्व सो रही थी और 'भेड़िया' उसके पास रखी टोकरी में मुँह डाले पूरियाँ खा रहा था। ''कहाँ है भेड़िया ?'' शिकारी ने बंदूक साधते हुए पूछा, तो काँपते हुए बोले - ''वह है तो सामने।'' शिकारी बहुत जोर से हँस पड़ा - ''भले मानस, वह बेचारा कुत्ता है।'' क्या बात हुई यह ? यही कि भय ने उसे विश्वासहीन कर दिया।

सूत्र के अनसार - हतोत्साहितों, निराशावादियों, डरपोकों और सदा असफलता की ही मर्सिया पढ़ने वालों के संपर्क से दूर रहो। *नीति का वचन है कि जहाँ अपनी, अपने कुल की ओर अपने देश की निंदा हो और उसके मुँहतोड़* उत्तर देना संभव न हो, तो वहाँ से उठ जाना चाहिए। क्यों ? क्योंकि इसमें आत्मगौरव और आत्मविश्वास की भावना खंडित होने का भय रहता है।

(i) शिकारी के हँसने का कारण बताइए तथा उसको लेखक के मित्र की किस दशा पर तरस आया?

(ii) अपनी, अपने कुल तथा देश की निंदा होते देख हम क्या करना चाहिए? उसको सुनते रहना उपयुक्त क्यों नहीं होता?

(iii) टोकरी में मुँह डाले कौन था तथा वह क्या कर रहा था?

(iv) लेखक के मित्र द्वारा पत्नी को सोते हुए छोड़कर जाना कहाँ तक उचित था और क्यों?

(v) एकाग्रता को नष्ट करने वाला मनोविकार कौन होता है तथा उससे क्या हानि होती है?

(vi) पत्नी को छोड़कर भागते हुए व्यक्ति की भेंट किससे हुई थी और वह कैसा व्यक्ति साबित हुआ?

## खण्ड-ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण )

3. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों द्वारा कीजिए - 2

(क) चोरी करके हरेश नौ __________ गया।

(ख) अमर पकड़ा गया तो परिवार की नाक __________ ।

4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए- 3

(क) परिश्रमी कभी भूखे नहीं मरते।

(मिश्र वाक्य में)

(ख) उसका बेटा ऐसा है जो सबसे समझदार है।

(सरल वाक्य में)

(ग) वह फल खरीदने बाज़ार गया।

(संयुक्त वाक्य में)

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 4

(क) *इस जंगल में एक पागल हाथी हो गया है।*

(ख) जो काम करो, वही पूरा जरूर करो।

(ग) शाम को श्रीमती मीरा एक गीत देंगी।

(घ) एक गुलाब की फूलों की माला चाहिए।

6. (क) निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह कीजिए एवं समास का नाम लिखिए - 4

सतसई, रामभक्ति

(ख) निम्नलिखित शब्दों से समास बनाइए एवं समास का नाम भी लिखिए -

संगीत में निपुण,

पुरुषों में उत्तम हैं जो

7. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 2

(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द __________ कहलाता है।

(ख) शब्द __________ प्रधान होता है।

खण्ड-ग

( पाठ्य-पुस्तक )

8. ततॉंरा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई ? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। 5

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

9.(i) शैलेन्द्र का चेहरा कब और क्यों मुरझा गया था? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। 2

(ii) बड़ा भाई लेखक को उम्र भर एक दरजे में पड़े रहने का डर क्यों दिखाता था? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

(iii) राजकपूर द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों के नाम लिखिए? 1

10 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)** 5

मेरा जी पढ़ने में बिल्कुल न लगता था। एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ जैसा था। मौका पाते ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकरिया उछालता, कभी कागज की तितलियाँ उड़ाता और कभी कोई साथी मिल गया तो पूछना ही क्या? कभी चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूद रहे हैं, कभी फाटक पर सवार उसे आगे-पीछे चलाते हुए मोटरकार का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन कमरे में आते ही भाई साहब का वह रुद्र रूप देखकर प्राण सूख जाते। उनका पहला सवाल यह होता – कहाँ थे? हमेशा यही सवाल इसी ध्वनि में हमेशा पूछा जाता था और इसका जवाब मेरे पास हमेशा मौन था।

(क) लेखक का दिल पढ़ाई में क्यों नहीं लगता था?

(ख) लेखक को किस चीज में आनंद मिलता था?

(ग) कमरे में पहुँचने पर भाई साहब किस रूप में क्या सवाल करते थे?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

11(i) लाखों ग्रंथ पढ़ने पर भी कबीर की दृष्टि में लोग पंडित क्यों नहीं बन पाते हैं? 2

(ii) चाकरी से मीरा को क्या लाभ मिलेगा? 2

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | कंपनी बाग में तोप क्यों रखी गयी है? | 1 |
| 12 | अपने आराध्य श्रीकृष्ण के दर्शन पाने के लिए मीरा क्या-क्या उपाय करती है। | 5 |
| 13 | हरिहर काका मानसिक रूप से कमजोर क्यों पड़ते जा रहे थे? आपकी समझ में उनके तथा परिवार के लोगों के परस्पर व्यवहार का क्या आदर्श स्वरूप होना चाहिए था? पठित पाठ के आधार पर बताइ | 5 |

## खण्ड-घ

## (लेखन)

14\. **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

(I) किसी क्रिकेट-मैच का आँखों-देखा वर्णन — 5

- किस मैच का वर्णन?
- मैच के रोमांचक क्षण
- मैच का आनंद

(II) दूरदर्शन — 5

- उपयोगिता
- व्यापक प्रसार
- दुरूपयोग
- नए कार्यक्रम
- दूरदर्शन का भविष्य

(III) **कामकाजी नारी** — 5

- भारत में नारी को कम महत्व
- कामकाजी नारी का सम्मान बढ़ा, किंतु काम बढ़ा
- उसका शोषण
- अपना मत

15 अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। 5

16 विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के आरंभ और विद्यालय पुन: खुलने संबंधी सूचना तिथियों के विवरण सहित प्रधानाचार्य की ओर से लिखिए।*(20 - 30 शब्दों में)* 5

17 दूरदर्शन के कार्यक्रम आपके अध्ययन में बाधक हैं, पर उसके आकर्षण से स्वयं को मुक्त नहीं कर पाते, इस समस्या के समाधान के लिए मित्र से हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 बनारसी रेशम की साड़ियों की वास्तविक बिक्री (सेल) के लिए एक विज्ञापन लगभग 20 - 25 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

-o0o0o0o-